(ख) यदि हां,तो इसके क्या कारण और औचित्य क्या हैं;

(ग)क्या योजना परिव्यय को कम कर दिए जाने के कारण गुजरात,महाराष्ट्र मध्य प्रदेश तथा राजस्थान जैसे राज्य अत्यधिक प्रभावित होंगे;और

(घ) यदि हां,तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

विद्युत मंत्री (श्री पी.आर.कुमारमंगलम): (क) से (घ) ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों के अंतगर्त परिव्यय वर्ष 1998-99 के लिए 1250 करोड़ रू. हैं जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 1997-98 और 1996-97 में क्रमशः 775 करोड़ रू.और 783 करोड़ रू.की तुलना में अधिक है । परिव्यय में कोई कटौती नहीं की गई है ।

विद्युत क्षेत्र में गैर-सरकारी प्रवर्तकों के प्रस्ताव

1058.**श्री दिलीप सिंह जूदेव**: क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने के संबंध में गैर-सरकारी प्रवर्तकों से आज तक कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) इन परियोजनाओं की कुल अधिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी होगी और उनके लिए कितनी धनराशि का निवेश करने का प्रस्ताव हैं;

(ग) इन प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा तथा वर्तमान स्थिति क्या हैं;और

(घ) इन परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए सरकार ने क्या-क्या कदम उठाए हैं?

विद्युत मंत्री (श्री पी.आर.कुमारमंगलम): (क) से (घ) आज तक की स्थितिनुसार निजी क्षेत्र में विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु 62 प्रस्ताव तकनीकी आर्थिकी स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में प्राप्त हुई है । इनमें से 48 परियोजनाओं को जिनकी कुल क्षमता 22631.7 मे.वा.हैं और जिनमें 91846.428 करोड़ रूपये का अनुमानित व्यय शामिल है,तकनीकी आर्थिक स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है । 6782.9 मे.वा.कुल क्षमता की 14 परियोजनाओं पर तकनीकी आर्थिक मूल्यांकन हेतु कार्रवाई परियोजना प्रवर्तकों द्वारा लम्बित निवेश/स्त्रीकृतियां सुनिश्चित करने के बाद ही आरम्भ की जा सकती है सरकार इन परियोजनाओं की प्रगति की समय-समय पर मानीटरिंग करती रही है और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर रही हैं ।

Conversion of State Highways into National Highways in Tamil Nadu

1059. SHRI V. P. DURAISAMY: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) the details of State Highways which are proposed to be converted as National Highways in Tamil Nadu during the year 1998-99; and

(b) the funds allotted for this purpose?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (DR. DEBENDRA PRADHAN): (a) A statement giving details is annexed. *(see* below)

(b) So far no fund has been allotted ft* this purpose.

Statement

SI. No.	Name of the Roads	Length in Kms.
1.	Triehy-Viratimalai-Truvaankurichy-Melur-Madurai-	257
	Aruppukkattai-Tuticorin.	82
2.	(Peleru-Tirupati-Nageri) Renugonda-Tiruthani-Chennai	20
3	Bangalore ring road-Hosur (on NH-7) Bangalore-Surjapur-Chiktirupathi-Dcvanhalli-Dodballapur-Neelmangla (on NH-4)	140
4	Karur to Coimbatore	
5.	Coimbatore-Annur-Satyamanglam-Thimbam-Kollegal-Kanakura-Bangalore (Link between NH-47 & NH-7)	126
6.	Nagapattinam-Chidabaram (Pondiehery)	130
7	Dindigul-Palani-Pollachi-Coimbatore	160
8:	Trichy-Pudukottai-Karaikudi-Dcvakottai-Ramanathapuram	160
9.	(Ramnad) (Kollam) Tenkasi-Rajapalayam-Srivilliputtur-Thirumangalam	125 ,
	TOTAL:	1200